प्रेस नोट   पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद   दिनांक 31.03.2025

थाना नन्दग्राम पुलिस टीम द्वारा चैन लूट करने वाला शातिर लूटेरा गिरफ्तार , गिरफ्तारी के दौरान आत्मरक्षार्थ पुलिस द्वारा की गयी फायरिंग में बदमाश घायल कब्जे से एक तमंचा 315 बोर, एक जिन्दा कारतूस, एक खोखा कारतूस व घटना में प्रयुक्त मो0सा0 (चोरी की) व लूटी गयी चैन (पीली धातु) बरामद ।

दिनांक 30-03-25 को वादी श्री प्रिंस त्यागी पुत्र रामभूल त्यागी निवासी D-1126 गौर कास्केड राजनगर एक्स0 ने सूचना दी की रात्रि करीब 09.30 बजे मेरी पत्नी प्रियंका त्यागी बाजार जा रही थी । उसी समय एक बाइक सवार व्यक्ति ने मेरी पत्नी के गले से एक सोने की चैन छीन ली उपरोक्त सूचना पर थाना नन्दग्राम पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए थाना नन्दग्राम पर तत्काल अभियोग पंजीकृत किया गया ।

कार्यवाही का विवरण- उपरोक्त घटना का तत्काल संज्ञान लेते हुए, थाना स्तर पर टीमो का गठन किया गया, चेकिंग के दौरान जरिये मुखबिर सूचना मिली की रात्रि में महिला की चैन छीनने वाला शातिर लूटेरा दुबारा से घटना करने की फिराक में सिटी फोरेस्ट की साईड से अपनी मो0सा0 सप्लेन्डर से आ रहा है । पुलिस द्वारा परिवर्तन स्कुल के सामने बैरिगेट लगाकर चेकिंग की जा रही थी, तभी सामने से मो0सा0 पर आ रहे व्यक्ति को रूकने के लिए कहा गया तो वह तेजी से मो0सा0 लेकर मोरटी तिराहे से मोरटी जाने वाले रास्ते से भागने लगा, और आगे जाकर कच्ची उबड खाबड सडक पर मुड़ गया, जिससे अभियुक्त की मो0सा0 फिसल गयी , और अभियुक्त गिर गया । पुलिस टीम द्वारा जैसे ही अभियुक्त को सरैन्डर करने हेतु कहा गया तो अभि0 द्वारा तमंचा निकालकर पुलिस पर फायरिंग कर दी, जिसमें पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ व जवाबी कार्यवाही में बदमाश के बांये पैर में गोली लगी है, जिसको घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया ।

अभि0 का नाम व पता-

हसन पुत्र फरीम निवासी जीएमपी स्कूल के पास गुलशन कालोनी बम्बा रोड मुरादनगर गाजियाबाद उम्र करीब -33 वर्ष

अभियुक्त का आपराधिक इतिहास-

अभि0 हसन उपरोक्त के विरुद्ध थाना इन्द्रापुरम में जान से मारने की नियत से हमला करने का 01 अभियोग व अवैध असलाह का 01 अभियोग, थाना साहिबाबाद लूट व अवैध असलाह के 02 अभियोग, थाना सिहानी गेट पर लूट के 02 अभियोग, थाना नन्दग्राम पर लूट का 01 अभियोग सहित कमि0 गाजियाबाद में कुल 07 अभियोग पंजीकृत हैं ।

बरामदगी का विवरण-

1.पीली धातु की एक चैन

2.एक तमंचा .315 बोर,

3. 02 कारतुस .315 बोर, (01 जिन्दा, 01 खोखा)

4. 01 मो0सा0 स्पलेन्डर रंग काला (सिलवर टैपिंग करायी हुई)

गिरफ्तारी करने वाली टीम-

थाना नन्दग्राम पुलिस टीम ।